## मेष



**01 से 06 मार्च तक**-इस माह का आरम्भ **नवीनता** व **लाभदायक** रहेगा। व्यापार की उन्नति हेतु कुछ नये नियम कार्य करने की कोशिश करेंगे। फंसा हुआ **धन** कोशिश करने से इस समय प्राप्त हो सकता है। किसी समारोह में जा सकते है। व्यापार में सभी आपके निर्णय का **सम्मान** करेंगे। आर्थिक स्थिति दृढ़ होगी। किसी से वाद-विवाद हो सकता है।

**07 से 13 मार्च तक**-पत्नी के साथ अनावश्यक अनबन हो सकती है जिसका सीधा प्रभाव पारिवारिक सुख-शांति पर पड़ेगा। यात्राओं पर जोर रहेगा। अपने काम के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगे उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। कोई गंभीर रोग हो सकता है, आप **राम रक्षा वज्र कवच साधना** सम्पन्न करें।

**न्यौ. ₹2100**

**14 से 20 मार्च तक**-व्यापार में आपको और आपके भागीदार के बीच जो मत-भेद था वह समाप्त होगा। इस समय धनागमन तो होगा, परन्तु स्थायी रूप से नहीं रहेगा। पूरा प्रयास कर पुराने रूके हुये काम को पूर्ण करेंगे। प्राकृतिक वातावरण में समय व्यतीत कर सकते है, जिससे आन्तिरिक विचार सुदृढ़ होंगे। संत, महापुरूषों का दर्शन प्राप्त हो सकता है।

**21 से 31 मार्च तक**-आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी। दूसरों के झगड़ों में आप अपनी टांग नहीं अडाये, अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं। आपके हाथों से कोई गलती हो सकती है जिससे आपकी आलोचना होगी। वाणी व क्रोध पर नियंत्रण रखें, इस समय किसी अंजान व्यक्ति का पूर्ण भरोसा न करें। रात को 'ऊँ भ्रं भैरवाय नमः' मंत्र से 108 बार पीली सरसों से आहुति दें, परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेगी।

**शुभ तिथियां 14,19,23,24**

## वृष



**01 से 06 मार्च तक**- इस माह का प्रारम्भ आनन्ददायक रहेगा। मित्रों के साथ मनोरंजन में व्यस्त रहेंगे। कहीं से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। रिश्तेदारों के साथ चली आ रही गलतफहमियां समाप्त होगी। किसी महत्त्वपूर्ण व्यक्ति से आप प्रेरित होंगे। धन सम्बन्धी मामले में आप व्यस्त रहेंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से आप परेशान हो सकते हैं।

**07 से 13 मार्च तक**- भागीदार से किसी छोटी बात पर खींचतान या कहासुनी हो सकती है। व्यापार में आर्थिक लाभ उतना नहीं मिल पायेगा जितने की अपेक्षा है। कोई बड़ा ऑर्डर हाथ से निकल सकता है। नौकरी में अधिकारी की डांट-फटकार सुननी पड़ सकती है। आप **शत्रु संहारक रोजगार-व्यापार बाधा निवारण भगवती दीक्षा** ग्रहण करें, प्रभावशाली व्यक्तित्व से आप सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे। **न्यौ. ₹2400**

**14 से 20 मार्च तक**- परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते है। आधे-अधूरे काम इस समय पूर्ण होने की ओर अग्रसर होंगे। यह काल खण्ड आपके लिये बहुत ही श्रेष्ठ है। आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होगी। शुभ कार्य में खर्च अधिक हो सकता पर उसका फल भी शुभ ही मिलेगा।

**21 से 31 मार्च तक**-सभी मसलों का हल बड़े ही शांतिपूर्ण माहौल में आप करने का प्रयास करेंगे। धनागमन का रास्ता आसान होगा। व्यवसाय में आप कुछ विशेष परिवर्तन लायेंगे। जिससे व्यापार वृद्धि की ओर अग्रसर होगा। उच्चाधिकारी आपके काम से प्रसन्न होंगे। प्रेम सम्बन्ध उजागर होने से बदनामी का भय रहेगा। योग-प्राणायाम से **स्वास्थ्य** बना रहेगा।

**शुभ तिथियां 11,13,18,21**

## मिथुन




**01 से 06 मार्च तक**-इस माह का प्रारम्भ **सफलतादायक** रहेगा। व्यवहारिकता में आप आगे रहेंगे। परिश्रम कर काम को पूर्ण कर ही लेंगे। आप सभी से जो सम्पर्क का दायरा बनायेंगे उससे आपको भविष्य में लाभ होगा। जीवन में निरन्तर उन्नति, प्रगितिमय स्थितियां बनी रहें और वृद्धि होती रहे, इस हेतु आप **पुरूषोत्तममय श्रीराम सर्व विजय प्राप्ति अपराजिता शक्ति दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौ. ₹2100**

**07 से 13 मार्च तक**-कोई नया कार्य शुरू करने हेतु समय उत्तम है, सफलता प्राप्त होगी। युवाओं को सफलता व अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अधिक परिश्रम की आवश्यकता है। आप गलतफहमियों के शिकार हो सकते है, सोच-विचार कर ही बात करें। कार्यो में **बाधा** आ सकती है। शक की प्रवृत्ति होने के कारण रिश्तों में अवरोध पैदा होगा।

**14 से 20 मार्च तक**- आपको अपनी ताकत को केन्द्रित करने की जरूरत है, जिससे आपमें अत्यधिक भटकाव ना आने पाये। यह बहुत ही आनन्ददायक दौर हो सकता है। अगर इसका सही लाभ उठाया जाये, तो आपके जीवन में यह विस्तार और विकास का उत्तम समय हो सकेगा। वृद्धि की संभावना अच्छी है, आप अपना प्रयास लगातार बनाये रखें।

**21 से 31 मार्च तक**- सप्ताह सामान्य व्यतीत होगा। परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपके किसी काम की निंदा होगी। बनते कामों में रूकावट आयेगी। आपके लिये गये निर्णय गलत साबित होंगे। स्वस्थ रहने के लिये योग प्राणायाम आदि में व्यस्त रह सकते है। आप नित्य **गुरू मंत्र** का जप करें समस्या हल होगी।

**शुभ तिथियां 16,18,21,25**



## कर्क

**01 से 06 मार्च तक**-इस माह का आरम्भ लाभदायक रहेगा। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी, संगीत, साहित्य, कला लेखन आदि के प्रति आपकी विशेष रूचि रहेगी। आप कोई **नवीन कार्य** करेंगे और सफलता भी प्राप्त होगी। मानसिक रूप से संतुष्टि का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब हो सकता है, बाहर का खाना न खायें।

**07 से 13 मार्च तक**- समय आपके पक्ष में नहीं रहेगा। लेन-देन के मामले में पूरी तरह सावधानी बरतें। आर्थिक नुकसान होने का योग बन रहा है। किसी पर भरोसा करने से पहले अच्छी तरह जाँच ले। बनता हुआ कार्य भी रूक सकता है। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। प्रतिस्पर्धी मौके का फायदा उठायेंगे। आप **शत्रु संहारक रोजगार-व्यापार बाधा निवारण भगवती दीक्षा** ग्रहण करें, परिस्थिति आपके अनुकूल निर्मित होगी।

**न्यौ. ₹2100**

**14 से 20 मार्च तक**-आपके मान, सम्मान में वृद्धि होगी। किसी यात्रा पर जाने की व्यवस्था में व्यस्त रहेंगे। यात्रा के लिये खरीददारी संभव है। बच्चों व परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। अहंकार की भावना आपके लिये नुकसानप्रद है, समर्पण का भाव रखें। दूसरों की सेवा का भाव रहेगा, नये लोगों से सम्पर्क बनेगा।

**21 से 31 मार्च तक**-परिस्थितियाँ आपके अनुकूल होगी। सामाजिक क्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। संतान आपकी आज्ञा का पालन करेगी व आपके इच्छा अनुसार कार्य में संलग्न होगी। आप जमकर मेहनत करेंगे और उसका परिणाम शीघ्र ही **लाभमय** प्राप्त होगा। कही से शुभ समाचार प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग के लिये समय अनुकूल **एकाग्र भाव** से अध्ययन कर इच्छित सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

**शुभ तिथियां 02,21,26,30**



## सिंह

**01 से 06 मार्च तक**-इस माह का आरम्भ शुभ **फलदायक** रहेगा। समय आपके अनुकूल है, आप जो भी कार्य करेंगे सफलता प्राप्त होगी। दूसरों के मामलें में टांग न अड़ाये। इस समय अहं का त्याग करने से लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे। युवा वर्ग कुछ कर दिखाने के लिये प्रयासरत रहेंगे। संतान से **शुभ समाचार** प्राप्त होगा।

**07 से 13 मार्च तक**- धनागमन का योग बन रहा है। कहीं से रूका हुआ धन प्राप्त होगा। मनोकामना पूर्ण होगी। पति-पत्नी के बीच ताल-मेल बना रहेगा। दोस्तों के साथ किसी शुभ कार्य में भाग ले सकते है। मन को सकारात्मक बनाने में आप सफल होंगे। अनावश्यक खर्च से बचके रहना होगा। यात्रायें **कष्टपूर्ण** रहेंगी। मेहनत के अनुसार फल प्राप्त नहीं होगा। **नवनिधि प्रदाता तारा महाविद्या दीक्षा** ग्रहण करे, जीवन के सभी मनोरथ पूर्ण हो सकेंगे।

**न्यौ. ₹2100**

**14 से 20 मार्च तक**- सप्ताह की **शुरूआत शुभ** है। कार्यालय में आपका सम्मान बढ़ेगा। आपकी कल्पना शक्ति मजबूत होगी। बच्चों के भविष्य को लेकर आप चिन्तित रहेंगे। अदालती मामलों में हार सम्भव है, सोच-समझकर कार्य करें या वरिष्ठ की सलाह लें। परिवार में किसी सदस्य की तबीयत खराब हो सकती है।

**21 से 31 मार्च तक**-आपका रूका हुआ कार्य पूरा हो सकता है। आत्म संतुष्टि की भावना जाग्रत होगी, खान-पान पर ध्यान रखे अन्यथा **स्वास्थ्य** गड़बड़ हो सकता है। घर में कोई मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकता है, जिससे आर्थिक मामलों में हाथ ढ़ीला रहेगा। **शुभ समाचारों** की प्राप्ति भी हो सकती है। व्यापार में वृद्धि की संभावना ही कम ही रहेगी, निवेश सोच-समझकर कर करें तो बेहतर होगा।

**शुभ तिथियां 09,14,16,16**



## कन्या

**01 से 06 मार्च तक**- इस माह की शुरूआत **शुभदायक** रहेगी। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। आत्मिक शांति के लिये **मंदिर, मस्जिद** या किसी एकांत स्थान में जा सकते है। शत्रु आप पर हावी होंगे। आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। आने वाला धन बीच में ही फंस जायेगा। आप **नवनिधि प्रदाता तारा महाविद्या दीक्षा** ग्रहण करें, अनुकूल स्थितियां निर्मित होगी। **न्यौ. ₹2100**

**07 से 13 मार्च तक**- आपका दृढ़ **आत्मविश्वास** ही **सफलता** का रहस्य है। स्वास्थ्य के विषय में लापरवाही न करें। भविष्य की चिंता आपको सतायेगी, चिंता छोड़कर कर्म करने से ही भविष्य अच्छा होगा। राजकीय कार्यो में परेशानी आयेगी। भागीदार के सम्बन्धों में सुधार आयेगा। उच्चाधिकारियों के सम्बन्धों में प्रगाढ़ता आयेगी।

**14 से 20 मार्च तक**-दोस्तों के साथ कहीं घूमने की योजना बनायेंगे। जाते समय आवश्यक सामग्री को जरूर साथ ले। इस समय कुछ मौसमी बीमारी हो सकती है, सतर्क रहे। खान-पान, वस्त्र पर विशेष ध्यान दें। किसी महत्त्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होगी। लोक-कल्याण व जनहित के कार्य आपको आकर्षित करेंगे। इस समय **निःस्वार्थ भाव** से आप सेवा करेंगे।

**21 से 31 मार्च तक**-इस सप्ताह संतान की **शिक्षा, विवाह, कैरियर** से सम्बन्धित कार्यो को लेकर आप चिन्तित रहेंगे। बढ़े हुये खर्च के कारण आपको उधार लेना पड़ सकता है। नौकरी में स्थितियां आपके पक्ष में रहेगी। आय के स्त्रोत बढ़ेंगे। पति-पत्नी में आपसी तालमेल श्रेष्ठ रहेगा और परिवार के **सुख-शांति** में वृद्धि होगी। अविवाहितों के **विवाह** की बात **सकारात्मक दृष्टि** से आगे बढ़ने की संभावना है।

**शुभ तिथियां 04,09,11,15**

## तुला



**01 से 06 मार्च तक-** इस माह की शुरूआत **भक्ति** पूर्ण होगी। घर-परिवार के साथ किसी तीर्थ स्थल पर जाने की योजना बन सकती है। रियल एस्टेट में लाभ प्राप्त हो सकता है। रोजमर्रा के दैनिक कार्यो के अलावा भी आप कुछ विशेष कार्य सम्पन्न करेंगे। कोई निर्णय लेने से पहले अच्छी तरह से विचार कर लें। बच्चों से अधिक स्नेह होगा।

**07 से 13 मार्च तक-** मेहमानों का आगमन हो सकता है। खर्च में बढ़ोतरी होगी जिससे आर्थिक बजट बिगड़ेगा। प्रेम-प्रसंगो में सफलता मिलेगी। बेरोजगारों की नौकरी मिलने का योग बन रहा है। **चिंताओं** व **तनाव** का योग बन रहा है। कैरियर के प्रति अगर आप जागरूक रहें तो **उचित अवसर** प्राप्त कर पायेंगे। परिश्रम के साथ-साथ **पुरूषोत्तममय श्रीराम सर्व विजय प्राप्ति अपराजिता शक्ति दीक्षा** ग्रहण करें श्रेष्ठ सफलता से युक्त हो सकेंगे। **न्यौछावर ₹2100**

**14 से 20 फरवरी तक-** व्यवसाय धीमी गति से चलेगा। दुष्ट शक्तियां शुभ कार्यो में विघ्न उपस्थित करेंगी। नये-नये लोगो से मुलाकात होने की संभावना है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपके जनसंपर्को का दायरा विस्तृत होगा। आपके मन में वृद्धजनों के प्रति करूणा का भाव जगेगा तथा आप उनकी सेवा के लिये तत्पर होंगे।

**21 से 31 मार्च तक-** पारिवारिक यात्रा **सुखद** व **आनंददायक** सिद्ध होगी। किसी बड़े व्यक्ति से मुलाकात होगी। जिससे जीवन में उन्नति का मार्ग मिलेगा। समय मिश्रित फलों को देने वाला होगा। पैतृक सम्पति, वसीयत व उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले सुलझ जायेंगे। आय में वृद्धि के साथ व्यय भी बेहिसाब होगा, बेहतर होगा आप निवेश करने में ध्यान दें, कार्य स्थल पर सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त होगा

**शुभ तिथिया 02,11,14,31**

## वृश्चिक



**01 से 06 मार्च तक-** इस माह का प्रारम्भ शांतिपूर्ण रहेगा। पारिवारिक स्थितियो में थोड़ी उठक-पटक हो सकती है, जिससे मन चिन्तित रहेगा। समय आपके प्रतिकूल है। आपकी प्रतिष्ठा को गहरा धक्का लग सकता है। **आरोग्यता** में कमी आ सकती है। किसी के द्वारा आपका अपमान हो सकता है। मन में चंचलता व्याप्त रहेगी आप **नवरात्रि** पर **चौसठ शक्ति साधना** सम्पन्न करें। **न्यौछावर ₹800**

**07 से 13 मार्च तक-**व्यापार मंद गति से आगे बढ़ेगा। नौकरी-पेशा में **शुभ समाचार** की संभावना है। परिवार के सदस्यों के बीच **मधुरता** बढ़ेगी। आकस्मिक धन प्राप्ति हो सकती है। बिना सोचे किसी को वचन न दे, निभाना मुश्किल होगा। विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम अनुकूल आयेंगे। **ज्ञान-विज्ञान** के क्षेत्र में वृद्धि होगी। आपकी कोई कामना पूर्ण हो सकती है।

**14 से 20 मार्च तक-** लम्बी दूरी की यात्रा करेंगे और उससे लाभ भी प्राप्त होगा। मौज-मस्ती का भरपूर आनन्द लेंगे। प्रेम-प्रंसगों में सफलता मिल सकती है। समय **शुभदायक** है। आप बहुत सजग व सक्रिय रहेंगे। पुराना **रोग** समाप्त होने की ओर अग्रसर होगा। आध्यात्मिक जीवन में रूचि बढ़ेगी। **प्राकृतिक सौन्दर्य** का दर्शन कर मन **प्रफुल्लित** रहेगा।

**21 से 31 मार्च तक-** अपनों से बात करके मन में **हल्कापन** महसूस होगा। कहीं से **शुभ समाचार** प्राप्त होगा। आप दूसरों को प्रभावित करने में सफल होंगे। बात-बात पर चिड़चिड़ापन आयेगा, क्रोध पर नियंत्रण रखें। आपकी सही बात का भी घरवाले विरोध करेंगे। घर के दायित्वों का और व्यवसाय का दबाव होगा। संतान की ओर ध्यान दें तथा उनके **स्वास्थ्य** का ख्याल रखें।

**शुभ तिथियां 03,05,09,29**

## धनु



**01 से 06 मार्च तक-** काम बेहतर चलेगा, नये कार्य प्रारम्भ होंगे। अध्यनरत बच्चों के लिये ज्ञान प्राप्ति का समय है। किसी तीर्थ स्थान पर जाने की योजना बन सकती है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करेंगे। जीवन साथी से सुख प्राप्त होगा। अपना कार्य स्वयं के बलबूते पर पूर्ण करने का प्रयास करें।

**07 से 13 मार्च तक-**आपके उच्च अधिकारियों के साथ सम्बन्ध मजबूत बनेंगे। बच्चों के भविष्य को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते है। धनागमन हो सकता है। लम्बे समय से चली आ रही **चिंता** समाप्त होगी। जोखिम भरी रोमांचक यात्रायें आपको आकर्षित करेगी। संगीत, साहित्य, कला में रूचि बढ़ेगी। व्यापार में नया तरीका अपनाने के लिये तत्पर रहेंगे।

**14 से 20 मार्च तक-**व्यवसाय में वृद्धि होगी। आप कोई साहसिक कदम उठा सकते है। मौसमी बीमारियों का प्रकोप रहेगा सावधान रहें। जमीन-जायदाद व सम्पत्ति से जुड़े मसलों में कुछ नुकसान हो सकता है, सोच-समझ कर निर्णय लें वाणी पर काबू रखें। यह समय संघर्ष का है, धैर्य बनाकर रखें। आप **शत्रु संहारक रोजगार-व्यापार बाधा निवारण भगवती दीक्षा** ग्रहण करें, आपके सभी कार्य सफल होंगे। **न्यौछावर ₹2100**

**21 से 31 मार्च तक-** विद्यार्थी वर्ग के लिये समय उपयुक्त है। किसी समारोह में आप सम्मिलित होंगे। देन-दारियां चुकाने में आपको **समस्या** आ सकती है तथा आप पर अत्यधिक दबाव रहेगा, जिससे तनाव की स्थिति बनेगी। घर-परिवार के साथ बेहतर संवाद कायम होगा। कार्यो को धैर्य पूर्वक करने की जरूरत है। इस महीने अधिक व्यय होने से आर्थिक बजट बिगड़ सकता है। **रक्तचाप की समस्या** से पीड़ित हो सकते है।

**शुभ तिथियां 02,06,08,25**



## मकर

**01 से 06 मार्च तक**- माह का आरम्भ उतना अच्छा नहीं है। आपके मन में किसी बात को लेकर डर व्याप्त रहेगा। आप अपनी भूल का खेद भी नहीं कर पायेंगे। आपको **भावनाओं** के तूफान में बहने से बचना होगा। आप काफी सोच-विचार कर निर्णय लेंगे। आप ब्रह्माण्ड के गूढ़ रहस्यों के बारे में विचार करेंगे। आप इस समय लोगों के बीच रहने से ज्यादा किसी एकान्त स्थान में समय बिताना पंसद करेंगे।

**07 से 13 मार्च तक**-आपकी रचनात्मक कला विकसित होगी। योजना पूर्वक कार्य करने से **अनावश्यक** खर्च पर नियंत्रण हो सकता है। आप अपने जीवन शैली में कुछ बदलाव लायेंगे। कहीं से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। पदोन्नति के लिये समय उचित है। **नवनिधि प्रदाता तारा महाविद्या दीक्षा** ग्रहण करें, परिस्थितियां आपके अनुकूल निर्मित होगी।

**न्यौछावर ₹2100**

**14 से 20 मार्च तक**-आप कोई नया कार्य प्रारम्भ करने का प्रयास करेंगे। पति-पत्नी के बीच मधुरता बढ़ेगी। दूसरों की सहायता करने से आपको आत्मिक संतुष्टि मिलेगी। इस समय उच्च अध्ययन व अनुसंधान की ओर आपका आकर्षण होगा।

**21 से 31 मार्च तक**-किसी **शुभ कार्य** में खर्च अधिक होने के कारण आर्थिक बजट बिगड़ सकता है। योजनओं को पूरा करने के लिये जी-जान से लगना होगा, तब ही अपेक्षा के अनुरूप लाभ की संभावना बन सकती है। मन में कुछ झुंझलाहट व छट-पटाहट बनेगी, ध्यान में बैठने का प्रयास करें। मन भ्रमित रहने के कारण हो सकता है आपके द्वारा कोई अनुचित निर्णय हो जाये और पश्चाताप की अग्नि में जलने को विवश हो सकते है।

**शुभ तिथियां 02,17,25,26**



## कुंभ

**01 से 06 मार्च तक**-इस माह की शुरूआत ज्यादा अच्छी नहीं है। नये कार्य की शुरूआत हेतु समय उचित नहीं है। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। दिन सामान्य रहेगा। बनता काम रूक जायेगा। परेशानियां आयेगी। षड्यंत्र, वाद-विवाद, लड़ाई-झगड़े से बचकर रहें। आप **शत्रु संहारक रोजगार-व्यापार बाधा निवारण भगवती दीक्षा** ग्रहण करें परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहेगी।

**न्यौछावर. ₹2400**

**07 से 13 मार्च तक**-अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे। आकस्मिक धनागमन हो सकता है। किसी मंदिर पर जा सकते है। अपनी क्षमतानुसार जरूरतमंदों की सहायता करेंगे। व्यवसाय में वृद्धि होगी। परिवार की कोई समस्या उलझ सकती है, **अविवाहितों** के लिये अच्छा योग निर्मित हो रहा है, जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।

**14 से 20 मार्च तक**-आप अपनी संतान से शिष्टता की आशा रखेंगे और उनकी हर जरूरतों को पूरा करेंगे। परिवार के सदस्यों के बीच मधुरता बढ़ेगी। यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी। प्रकृति का आनन्द अनुभव करेंगे। संतान की ओर से कोई समस्या आ सकती है, सावधानी बरतें तथा उन पर अपनी नजर बनायें रखें।

**21 से 31 मार्च तक**- अपने अधिकारों के लिये डटकर मुकाबला करेंगे। लोग आपका सम्मान करेंगे। परिवार जनों के साथ मौज-मस्ती करेंगे। किसी पारिवारिक समारोह में शिरकत हो सकते है। आपका मन नकारात्मकता से भरा होगा जिससे आप सही दिशा की ओर विचार नहीं कर सकेंगे। आप स्वयं को इस समस्या से उबारने का प्रयास करें, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाये।

**शुभ तिथियां 04,09,20,25**



## मीन

**01 से 06 मार्च तक**- इस माह की शुरूआत **उत्साह** पूर्ण रहेगी। मन जोश व उत्साह से भरा रहेगा। महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों से कुछ सीख मिलेगी। कुटुम्ब में **सुख-शांति** बढ़ेगी। उच्च अधिकारी आपके काम से प्रसन्न रहेंगे। राजकीय कार्यो में सफलता प्राप्ति हो सकती है। **स्वास्थ्य** में इस समय किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें।

**07 से 13 मार्च तक**- विद्यार्थी वर्ग अपना लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रयासरत रहेंगे। रोजगार में उलझनें बढ़ेगी। परिवार के सदस्यों में भी खिंचाव रहेगा। लक्ष्यों में भटकाव आयेगा। खर्च में वृद्धि होगी। नौकरी पेशा में भी काफी **समस्यायें** व **परेशानी** आयेगी। आप नवरात्रि पर **चौसठ शक्ति साधना** सम्पन्न करें। **सुख-समृद्धि-शांति** युक्त जीवन की प्राप्ति होगी। **न्यौछावर ₹800**

**14 से 20 मार्च तक**-पति-पत्नी के बीच मधुरता बढ़ेगी। लम्बे समय से चली आ रही परेशानी का अंत होगा। अविवाहितों को **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। आप धार्मिक कार्यो में व्यस्त रहेंगे। आपके परिश्रम के अनुसार पूर्ण फल प्राप्त होगा। कही से रूका हुआ धन प्राप्त होगा। किसी जमीन में निवेश कर सकते है।

**21 से 31 मार्च तक**-कोर्ट-कचहरी राजकीय मामलों में सफलता के योग बन रहे है। किसी उच्च अधिकारी या राजनीतिक व्यक्ति के सम्पर्क से आपका रूका हुआ काम गति पकड़ेगा। जनसम्पर्कों का दायरा विस्तृत होगा। नये-नये मित्र बनेंगे। गुरू सेवा के प्रति आपका झुकाव रहेगा, साथ ही समाज में भी आप अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का प्रयास करेंगे। पुरानी परम्पराओं से बाहर निकलकर आप नये रूप में कार्य कर सकते है।

**शुभ तिथियां 04,11,20,23**